लेखाशास्त्र

अध्याय-1: अलाभकारी संस्थाओं के लिए लेखांकन

SHIVOM CLASSES 8696608541

अलाभकारी संस्था

अलाभकारी संस्थाओ से आशय ऐसे संस्थानों से है जिनका प्रयोग सामाजिक कल्याण के लिए होता है तथा जिनका उद्देश्य लाभ से प्रेरित होना नहीं होता है। इनका मुख्य उद्देश्य किसी विशिष्ट समूह या समस्त जनता को सेवाएँ प्रदान करना होता है। आमतौर पर यह किसी प्रकार का उत्पादन , क्रय - विक्रय और उधार लेन - देन नहीं करती। इसीलिए इनको लेखापुस्तकों तथा लाभ - हानि खाता बनाने की आवश्यकता नहीं होती। इन संस्थानों द्वारा बनाई गई निधि पूँजी निधि अथवा सामान्य निधि में जमा की जाती है। इनकी आय का मुख्य स्रोत, इनके सदस्यों से प्राप्त अनुदान अथवा दान , सहायता विनिवेश से प्राप्त आय इत्यादि होती है। प्रत्येक वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर यह वित्तीय विवरण तैयार करती है तथा अपनी वित्तीय स्तिथि के लिए आय तथा व्यय विवरण तैयार करती है और उन्हें वैधानिक प्राधिकरण में जमा करवाती है जिसे समिति पंजीकृत कहा जाता है।

अलाभकारी संस्था के मुख्य विशेषताऐ :-

- **सेवा प्रदान :-**

  अलाभकारी संस्था के मुख्य उद्देश्य लाभ कमाना नहीं बल्कि सेवा प्रदान करना होता है,

  अर्थात अलाभकारी संस्था अपने लाभ से नहीं अपितु दूसरे के लाभ के लिए बनाया जाता है,

- **स्थापना :-**

  अलाभकारी संस्था का स्थापना समाज और अपने सदस्यो के द्वारा होता है

  अलाभकारी संस्था की स्थापना समाज तथा अपने सदस्यों की सेवा के लिए की जाती है,

- **खाता :-**

  अलाभकारी संस्था संस्थाओं द्वारा प्राप्ति एवं भुगतान खाता, आय -व्यय खाता तथा तैयार किया जाता है,

- **कार्य :-**

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

अलाभकारी संस्था कला, संस्कृति, धर्म, शिक्षा, खेल खुद प्रसार तथा प्रोत्साहन के लिए कार्य करती है,

- इस प्रकार के संस्था के शुभ परिणाम को अधिकय या कमी के रूप में जाना जाता है,

अलाभकरी संस्था का वित्तीय विवरण या अंतिम खाता :-

अभी तक आप ने जान चुके है की अलाभकरी संस्था (non for profit organization) क्या होता है और इसके विशेषता के बारे मे भी जान चुके है,

तो अब आइये जानते है की अलाभकरी संस्था (non for profit organization) अंतिम खाता मे क्या क्या बनाती है. अलाभकरी संस्था (non for profit organization) को प्रत्येक वर्ष के अंतिम मे अंतिम खाता बनाना अवश्य होता है

और वो इन खाता मे निम्न खाता बनाती है जिसमे से :-

1. प्राप्ति एवं भुगतान खाता (receipt and payment account).
2. आय व्यय खाता (income and expenditure accounts).
3. आर्थिक चिटठा (balance sheet).

साथ है अलाभकरी संस्था को खाता बहियों की शुद्ध जांच पड़ताल के लिए तलपट खाता भी तैयार किया जाता है,

क्योंकि यह खाता प्राप्ति एवं भुगतान खाता, आय व्यय खाता, आर्थिक चिटठा को तैयार करने मे काफ़ी अधिक सहायता करता है,

प्राप्ति-

नकद एवं बैंक से लेन - देन में सभी प्राप्ति को (प्राप्ति खाता) कहते है

जैसे -

- चंदा (Subscriptions)
- हॉल का किराया (Rent Of Hall)

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

- निवेश पर ब्याज (Interest On Fixed)
- लॉकर किराया (Locker's Rent)

भुगतान-

नकद एवं बैंक से लेन - देन में सभी भुगतान को (भुगतान खाता) कहते है |

जैसे -

- वेतन एवं मजदूरी (Salaries And Wages)
- विज्ञापन (Advertisement)
- टेलीफोन (Telephonee)
- प्रिंटिंग एवं स्टेशनरी (Printing And Stationery)

प्राप्ति एवं भुगतान खाता

यह खाता (प्राप्ति एवं भुगतान) नकद तथा बैंक लेनदेन के विभिन्न शीर्षकों का सारांश होता है। प्राप्ति एवं भुगतान खाता एक अवधि के रोकड़ बही के मद सार मात्र से कुछ भी अधिक नहीं है यह खाते का एक ऐसा प्रारूप होता है जिसका अधिकांश प्रयोग क्लबों, संघो तथा समितियों आदि के कोषाध्यक्ष द्वारा वर्ष के कार्य संचालन के परिणामों को प्रस्तुत करने के लिए किया जाता है। यह खाता रोकड़ पद्धति के आधार पर तैयार किया जाता है।

Example-

हॉल का किराया, बागवानी (बगीचा) , सवारी, बैंक शुल्क, निवेश, डाक एवं कुरियर, अंकेक्षण शुल्क, बीमा , समर्थित निधि, स्क्रैप की बिक्री आदि।

प्राप्ति एवं भुगतान खाता की विशेषताएं

1. इस खाते में गैर रोकड़ मद जैसे कि ह्रास, उपार्जित आय आदि नहीं लिखे जाते हैं।
2. यह रोकड़ पद्धति के आधार पर बनाया जाता है।

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

3. इसमें सभी प्राप्तियां चाहे वह आयगत मद की हो या फिर पूंजीगत मद सभी को डेबिट पक्ष में प्रदर्शित किया जाता है।
4. जितने भी भुगतान होते हैं चाहे वह आयगत हो या पूंजीगत मद सभी को क्रेडिट पक्ष में प्रदर्शित किया जाता है।
5. इस खाते की मुख्य विशेषता यह है कि इस खाते के डेबिट भाग में Opening Balance व क्रेडिट भाग में सबसे नीचे Closing लिखना होता है। यह इसका प्रारूप होता है।

प्राप्ति और भुगतान खाते की सीमाएं या दोष

1. इस खाते को लेखांकन के उपार्जन आधार पर तैयार नहीं किया जाता हैं।
2. यह खाता लेखांकन वर्ष के अंत में Surplus या Deficits को प्रदर्शित नहीं करता है।
3. यह लेखांकन वर्ष के आय एवं व्यय के संबंध में किसी भी प्रकार की सूचनाएं प्रदान नहीं करता है यह केवल आय एवं व्यय की नकद राशि की सूचना प्रदान करता है।
4. इससे संस्था की वित्तीय स्थिति का Valuation नहीं किया जा सकता है क्योंकि यह सिर्फ नकद व्यवहारों का ही लेखा प्रकट करता है।
5. प्राप्ति एवं भुगतान खाता में 'Depreciation' को नहीं दिखाया जाता हैं।

प्राप्ति एवं भुगतान खाते में दिखाई जाने वाली मदें

यह खाता में दो पक्ष होता है प्रथम प्राप्ति Receipts Side और दूसरा भुगतान Payment Side । प्राप्ति भाग में दिखाई जाने वाली मदों की सूची है इसे आयगत एवं पूंजीगत प्राप्ति में बांटकर लिखा गया है-

प्राप्ति पक्ष में लिखे जाने वाली मदें –

- आयगत प्राप्ति के अंतर्गत– प्रवेश शुल्क, चंदा, सामान्य दान, निवेश पर ब्याज, ब्याज एवं लाभांश, मनोरंजन से प्राप्त, पुराने कागज की बिक्री , दान सो से प्राप्ति आदि ।
  Entrance fees, Subscription, General Donation, Interest on Investment, Interest and Dividend, Proceeds from Entertainment , Sale of Old Paper, Proceeds from Charity Show etc.

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

- पूंजीगत प्राप्ति के अंतर्गत– निवेश का विक्रय, विनियोग, वसीयत, विशेष दान, आजीवन सदस्यता शुल्क, स्थायी संपत्तियों की बिक्री, समर्थित निधि आदि ।

  Sale of Investment, Investment, Special Donation, Life Membership Fees, Sales of Fixed Assets, Endowment Fund etc.

भुगतान पक्ष में दिखाई जाने वाली मदों की सूची

- आयगत भुगतान – सवारी, टेलीफोन, किराया, दर एवं कर, वेतन एवं मजदूरी, बीमा, अंकेक्षण शुल्क, विज्ञापन, मनोरंजन व्यय, समाचार पत्र, जल एवं बिजली, मानदेय, नगर पालिका, नगर निगम कर आदि।

  Conveyance , Telephone , Rent Rates and Taxes, Salaries and Wages, Insurance, Audit fees, Printing and Stationery, Advertisement, Entertainment Expenses, News Paper, Water and Electricity, Honorarium , Municipal, Municipal Corporation Taxes etc.
- पूंजीगत भुगतान – पुरस्कार कोष विनियोग, फिक्स डिपाजिट, पुस्तकों का खरीद, स्थाई संपत्तियों का क्रय फर्नीचर भवन बिल्डिंग आदि ।

  Price Fund Investment, Fixed Deposit, Investment, Purchase of books, Purchase of Fixed Assets Furniture Building etc.

प्राप्ति और भुगतान खाते का प्रारूप-

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

प्राप्ति एवं भुगतान खाते का प्रारूप

प्राप्ति एवं भुगतान खाता

..... *को समाप्त वर्ष के लिए*

नाम जमा

विवरण	*राशि (₹)*	*विवरण*	*राशि (₹)*
शेष		सम्पत्तियों का क्रय	
नकद		छपाई एवं स्टेशनरी	
बैंक		मरम्मत एवं नवीनीकरण	
दान		समाचार पत्र/पत्रिकाएं	
विरासत में प्राप्त राशि		किराया एवं कर	
सदस्यता शुल्क		डाक व्यय	
प्रवेश शुल्क		निवेश	
चंदा		भाड़ा	
लॉकर किराया		मानेदय	
स्थाई सम्पत्ति का विक्रय		चौरिटी	
निवेश पर ब्याज		बीमा प्रीमियम	
विभिन्न प्राप्तियां		मैदान का रख रखाव	
पुराने पाक्षिकों की बिक्री		टेलीफोन व्यय	
		शेष :	
		रोकड़	
		बैंक	

SHIVOM CLASSES 8696608541

प्राप्ति एवं भुगतान खाता बनाएं की प्रक्रियाएं : विभिन्न चरण

Step 1, प्रारम्भिक रोकड़ तथा बैंकस्थ रोकड़ (Cash At Bank) ko प्राप्ति तथा भुगतान खाते के डेबिट भाग में लिखे | यदि प्रारम्भिक बैंक अधिविकर्ष (Bank Overdraft) हो तो इसे क्रेडिट भाग में दिखाये

Step 2, सभी प्राप्तियों की राशियां (चाहे पूंजीगत प्रकृति की हो अथवा आयगत) ,इस खाते के डेबिट पक्ष में दिखाये |प्राप्त की गई राशियां भूतकालीन ,चालू अवधि तथा भविष्य की अवधि से सम्बन्धित हो सकती है

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

Step 3, सभी व्ययो की राशियां (चाहे पूंजीगत प्रकृति की हो या आयगत की) चाहे भूत, वर्तमान या भविष्य की अवधियों से सम्बन्धित हो क्रेडिट पक्ष में दिखाये

Step 4, स्थाई सम्पत्ति पर ह्रांस , अदत्त व्यायो या अदत्त भुगतानो तथा प्राप्य आयो या उपार्जित आयो से सम्बन्धित किसी भी मद को इसमें न दिखाये क्योंकि इनसे रोकड़ का अन्तर्प्रवाह (Inflow Of Cash) या रोकड़ का बाह्म प्रवाह (Outflow Of Cash) नहीं होता है |

Step 5, प्राप्ति तथा भुगतान खाते के डेबिट भाग का योग करें तथा क्रेडिट भाग की कुल राशियों से इसका अन्तर निकले और अन्तर की क्रेडिट राशि को क्रेडिट भाग में अन्तिम

रोकड़ /बैंक शेष (Closing Balance of Cash/Bank) के रूप में क्रेडिट भाग में दिखाये | यदि क्रेडिट भाग में डेबिट भाग के योग से अधिक हो तो अन्तर की राशि को प्राप्त तथा भुगतान खाते के डेबिट भाग में बैंक अधिविकर्ष (Bank Overdraft) के रूप में लिखा जायेगा |

प्राप्ति एवं भुगतान खाता तथा आय आय-व्यय में अंतर

इन दोनों खाते के बीच निम्नलिखित अंतर पाया जाते हैं-

- प्राप्ति एवं भुगतान खाता एक वास्तविक खाता (Real Account) होता है जबकि आय-व्यय नाममात्र खाता (Nominal Account)होता है।
- इस खाते में प्रारंभ में ही Opening Balance यानी कि Cash in hand तथा Cash at Bank लिखना होता है जबकि आय-व्यय खाता में Opening Balance से शुरुआत नहीं किया जाता हैं। प्रत्येक अवधि के लिए नए सिरे से बनाना होता है।
- यह खाता स्वतंत्र विवरण होता है क्योंकि इसके साथ B/S का होना आवश्यक नहीं होता है लेकिन आय-व्यय खाते के लिए आर्थिक चिट्ठा आवश्यक होता हैं।
- इस खाते के अंत में Cash Balance ज्ञात किया जाता है इस Cash Balance के शेष को अगले लेखांकन वर्ष में ले जाया जाता है लेकिन आय-व्यय खाते के अंत में व्यय पर आय की अधिकता या आय पर व्यय की अधिकता ज्ञात किया जाता है इसे अगले लेखकांन में नहीं ले जाया जाता है।

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

- प्राप्ति एवं भुगतान खाते को तैयार करने का मुख्य उद्देश्य सभी नगक प्राप्ति, भुगतान के संबंध में सूचना प्राप्त करना तथा वर्ष के अंत में Cash in hand, Cash at Bank निकालना है जबकि आय-व्यय खाते का मुख्य उद्देश्य सभी आय एवं व्यय/खर्च के संबंध में शुद्ध परिणाम हेतू Surplus व Deficit ज्ञात करना है।

लाभ न कमाने वाली संस्था का स्थिति विवरण तैयार करना

- जो संस्थाएं लाभ नहीं कमाती है उनका आर्थिक चिट्ठा प्राप्ति एवं भुगतान खाता तथा तलपट की सहायता से बनाया जाता है। आर्थिक चिट्ठा वैसे ही बनाया जाता है जिस प्रकार से लाभकारी संस्था द्वारा तैयार किया जाता है।
- तलपट और प्राप्ति एवं भुगतान खाता से Balance Sheet तैयार करते समय कुछ बातों को ध्यान में रखना आवश्यक होता हैं।
- Recepits and Payments Account में प्रदर्शित की गई सूचना में से Closing Balance (Cash in hand, Cash at Bank) को Balance Sheet के संपत्ति पक्ष में लिखेंगे।
- स्थायी संपत्तियों को भी संपत्ति भाग में लिखा जाएगा। उदाहरण – विनियोग, भवन, भूमि, निवेश, फर्नीचर आदि। यदि किसी संपत्ति के राशि में Depreciation का प्रावधान हो तो Depreciation जरूर काट कर लिखें।
- पूंजी कोष को दायित्व भाग में लिखेंगे। इसमें चालू वर्ष के Surplus को Add (+) कर देते हैं और Deficit (–) रहने पर Minius कर दिया जाता है।
- विशेष दान, आजीवन सदस्यता शुल्क, पूंजीगत प्राप्ति आदि को Liabilities Side में दिखाया जाता है इन्हें पूंजी कोष में जोड़ कर दिखाना चाहिए।

प्राप्ति एवं भुगतान खाता बनाने में निहित चरण

- हस्तस्थ रोकड़ तथा बैंक का आरंभिक शेष लीजिए और इसे नाम पक्ष में प्रलेखित कीजिए। वर्ष के आरंभ में बैंक अधिविकर्ष की स्थिति होने पर, इसे इस खाते के जमा पक्ष में प्रलेखित करेंगे।

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

- सभी प्राप्तियों की कुल राशि को नाम पक्ष में उनकी प्रकृति के अनुसार (चाहे पूँजीगत/आगम) और चाहे वह गत, चालू और आगामी अवधि से संबंधित हो, दर्शाया जाएगा।
- सभी भुगतान की गई राशियों को जमा पक्ष में उनकी प्रकृति के अनुसार (चाहे पूँजीगत/आगम) और चाहे यह गत, चालू और आगामी अवधि से संबंधित हो, दर्शाया जाएगा।
- अप्रर्याप्त आय और देय व्ययों को इस खाते में नहीं दर्शाया जाएगा, जैसे कि यह रोकड़ के अन्तर्गमन और बाह्यगमन से संबंधित नहीं हैं।
- इस खाते के नाम पक्ष और जमा पक्ष के बीच अंतर ज्ञात करें और इसे जमा पक्ष में रोकड़/बैंक के अंतिम शेष के रूप में प्रलेखित करें। यद्यपि जमा पक्ष का योग, नाम पक्ष के योग से ज़्यादा है तो अंतर को बैंक अधिविकर्ष के रूप में नाम करेंगे और खाते को बंद करेंगे।
- पृष्ठ संख्या 4 पर दिए गए दृष्टांत 1 में दी गई रोकड़ पुस्तक से लिए गए आँकड़ों की सूचनाओं के आधार पर 31 मार्च, 2015 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए गोल्डन क्रिकेट क्लब का प्राप्ति एवं भुगतान खाता इस प्रकार तैयार किया जाएगा।

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

रोकड़ पुस्तक का सारांश

विवरण		राशि (रु.)
01 अप्रैल, 2014 को हस्तस्थ रोकड़		20,000
01 अप्रैल, 2014 को बैंकस्थ रोकड़		35,000
चंदा:	रु.	
2013-14	30,000	
2014-15	2,25,000	
2015-16	10,000	2,65,000
भवन के लिए दान		60,000
प्रवेश शुल्क		23,000
आजीवन सदस्यता शुल्क		20,000
छपाई एवं लेखन सामग्री		38,750
प्रकाश		26,250
दरें एवं कर		17,000
दूरभाष प्रभार		2,600
डाक एवं कोरियर		2,000
मजदूरी एवं वेतन		88,000
बीमा प्रीमियम		15,000
सरकारी प्रतिभूतियों पर ब्याज		18,000
लॉकर किराया		42,000
सरकारी प्रतिभूतियों का क्रय		2,00,000
31 मार्च, 2015 को हस्तस्थ रोकड़		23,400
31 मार्च, 2015 को बैंकस्थ रोकड़		70,000

31 मार्च, 2015 वर्ष की समाप्ति पर प्राप्ति एवं भुगतान खाता

प्राप्तियाँ		राशि (रु.)	भुगतान	राशि (रु.)
01 अप्रैल, 2014 को हस्तस्थ रोकड़		20,000	छपाई एवं लेखन सामग्री	38,750
01 अप्रैल, 2014 को बैंकस्थ रोकड़		35,000	प्रकाश	26,250
चंदा :			दरें एवं कर	17,000
2013-14	30,000		दूरभाष प्रभार	2,600
2014-15	2,25,000		डाक एवं कोरियर	2,000
2015-16	10,000	2,65,000	मजदूरी एवं वेतन	88,000
भवन के लिए दान		60,000	बीमा प्रीमियम	15,000
प्रवेश शुल्क		23,000	सरकारी प्रतिभूतियों का क्रय	2,00,000
आजीवन सदस्यता शुल्क		20,000	31 मार्च, 2015 को हस्तस्थ रोकड़	23,400
सरकारी प्रतिभूतियों के निवेश पर ब्याज		18,000	31 मार्च, 2015 को बैंकस्थ रोकड़	70,000
लॉकर किराया		42,000		
		4,83,000		**4,83,000**

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

Example:

सिल्वर प्वाइंट से संबंधित दिए गए विवरणों से 31 मार्च, 2012 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए प्राप्ति एवं भुगतान खाता तैयार कीजिए।

प्राप्तियाँ		*राशि (रु.)*	*भुगतान*	*राशि (रु.)*
आरंभिक रोकड़ शेष		1,000	पुराने खेल-कूद के सामान का विक्रय	1,200
आरंभिक बैंक शेष		7,200	पैवेलियन के लिए दान प्राप्ति	4,600
चंदा एकत्रित:	रु.		किराया भुगतान	3,000
2010-11	500		खेल-कूद के सामान का क्रय	4,800
2011-12	7,600		जलपान का क्रय	600
2012-13	900	9,000	टेनिस कोर्ट के रखरखाव पर खर्च	2,000
जलपान का विक्रय		1,000	वेतन भुगतान	2,500
प्रवेश शुल्क प्राप्तियाँ		1,000	प्रतियोगिता व्यय	2,400
			फ़र्नीचर क्रय	1,500
			कार्यालय व्यय	1,200
			अंतिम हस्तस्थ रोकड़	400

सिल्वर प्वाइंट की पस्तकें

प्राप्ति एवं भुगतान खाता

31 मार्च, 2012 वर्ष की समाप्ति पर

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

प्राप्तियाँ		राशि (रु.)	भुगतान	राशि (रु.)
			जलपान का क्रय	600
शेष आ/ला			किराया	3,000
हस्तस्थ रोकड़		1,000	खेलकूद के सामान का क्रय	4,800
बैंकस्थ रोकड़		7,200	टेनिस कोर्ट के रखरखाव पर व्यय	2,000
चंदा:			वेतन	2,500
2010-11	500		प्रतियोगिता व्यय	2,400
2011-12	7600		फ़र्नीचर क्रय	1,500
2012-13	900	9,000	कार्यालय व्यय	1,200
जलपान का विक्रय		1,000	शेष आ/ले	
प्रवेश शुल्क		1,000	हस्तस्थ रोकड़	400
पुराने खेल-कूद के सामान का विक्रय		1,200	बैंकस्थ रोकड़	6,600
पवेलियन के लिए दान		4,600		
		25,000		**25,000**

आय और व्यय खाता

यह एक लेखा वर्ष के लिए आय और व्यय खाते का सारांश होता है। यह एक व्यापारिक संस्थान द्वारा उपार्जन आधार पर तैयार किए गए लाभ और हानि खाते की तरह ही होता है। इस खाते में केवल आयगत प्रकृति की मदों को शामिल किया जाता है तथा वर्ष के अंत में शेष आधिक्य तथा कमी को दर्शाता है। आय तथा व्यय खाते का उद्देश्य एक व्यापारिक संस्थान के लिए लाभ व हानि खाते की तरह ही होता है। चालू अवधि से संबंधित सभी आयगत मदें इस खाते में दर्शाई जाती हैं। सभी व्यय तथा हानियों को व्यय पक्ष में तथा सभी आय तथा लाभों को आय पक्ष में दर्शाया जाता है। यह निवल प्रचालन परिणाम, अधिशेष के रूप में (आय का व्यय पर आधिक्य) तथा छपाई (व्यय पर आय का आधिक्य) के रूप में दर्शाता है। जो कि तुलन पत्र में दर्शाये गए पूँजी निधि में हस्तांतरित किया जाता है।

आय और व्यय खाते को दिए गए प्राप्ति एवं भुगतान खाते तथा बकाया तथा अग्रिम से संबंधित अतिरिक्त सूचनाएँ, ह्रास इत्यादि की सहायता से उपार्जन क्षमता के आधार पर तैयार किया जाता है इसलिए अनेक मदें जो कि प्राप्ति एवं भुगतान खाते में दर्शायी जाती हैं, को समायोजित करने

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

की आवश्यकता पड़ती है। उदाहरण के लिए : वर्ष 2014-2015 के दौरान प्राप्ति एवं भुगतान खाते में प्राप्ति पक्ष की ओर दर्शायी गई 2,65,000 रु. की राशि में चालू अवधि के अलावा अन्य अवधि से संबंधित प्राप्तियाँ भी सम्मिलित हैं। लेकिन चालू वर्ष से संबंधित 2,25,000 रु. चन्दे की राशि को केवल वर्ष 2014-2015 से संबंधित आय और व्यय खाते के आय पक्ष में दर्शाया जाएगा।

आय और व्यय खाता बनाने में निहित चरण

दिए गए प्राप्ति एवं भुगतान खाते से आय और व्यय खाता बनाने में निम्न चरण सहायता प्रदान करेंगे:

1. प्राप्ति एवं भुगतान खाते को ध्यान से देखें।

2. आरंभिक तथा अंतिम शेष, रोकड़ तथा बैंकस्थ को अलग करें क्योंकि यह आय नहीं है।

3. पूँजीगत प्राप्तियों और पूँजीगत भुगतानों को अलग करें क्योंकि इन्हें तुलन पत्र में दर्शाया जाएगा।

4. आय और व्यय खाते के आय पक्ष में दर्शायी गई आगम प्राप्तियों की ओर ध्यान दें। इनमें से कुछ का समायोजन गतवर्ष और आगामी अवधि से संबंधित राशि को अलग करके तथा चालू वर्ष में अप्राप्य राशियों को सम्मिलित करके किया जाएगा।

5. आगम व्ययों को आय व्यय खाते के आय पक्ष में, अग्रिम प्राप्तियों से तथा अभी तक प्राप्त न हुई हो से संबंधित दी हुई सूचनाओं को समायोजित करके दर्शाएँ।

6. निम्न मदों पर ध्यान दें जो कि प्राप्ति एवं भुगतान खाते में नहीं दर्शायी गई हैं। जो कि आधिक्य एवं घाटा (चालू वर्ष का) निर्धारण करने में \ज़रूरी है।

(अ) स्थायी परिसंपत्तियों पर ह्रास

(ब) संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान; यदि आवश्यक हो

(स) स्थायी परिसंपत्तियों की बिक्री से लाभ या हानि।

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

अब आप यह जान सकते हैं कि पृष्ठ संख्या 11 पर दिए गए विवरणों में किस प्रकार दिए गए प्राप्ति एवं भुगतान खाते से आय और व्यय खाता तैयार किया गया है।

31 मार्च, 2015 को समाप्त वर्ष के लिए आय और व्यय खाता

नाम *जमा*

व्यय	*राशि (रु.)*	*आय*	*राशि (रु.)*
छपाई और लेखन सामग्री	38,750	चंदा	2,25,000
प्रकाश	26,250	प्रवेश शुल्क	23,000
दरें और कर	17,000		
दूरभाष व्यय	2,600	सरकारी प्रतिभूतियों के विनियोग	18,000
डाक और कोरियर प्रभार	2,000	पर ब्याज	
मज़दूरी और वेतन	88,000	लॉकर का किराया	42,000
बीमा प्रीमियम	15,000		
आधिक्य (आय का व्यय पर आधिक्य)	1,18,400		
	3,08,000		**3,08,000**

SHIVOM CLASSES 8696608541

टिप्पणी:

1. आरंभिक तथा अंतिम रोकड़/बैंक शेष अलग किया जाएगा।

2. सरकारी प्रतिभूतियों के क्रय पर भुगतान, पूँजीगत भुगतान होने के कारण अलग किया जाएगा।

3. वर्ष 2013-2014 तथा 2015-2016 में प्राप्त चंदे की राशि को अलग किया जाएगा।

4. आजीवन सदस्यता शुल्क एक पूँजीगत प्राप्ति की मद है। अतः इसे अलग किया जाएगा।

5. भवन के लिए दान एक विशिष्ट उद्देश्य हेतु प्राप्ति है। अतः इसे अलग किया जाएगा।

उदाहरण 2

31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के लिए, नीचे दिए गए क्लीन दिल्ली क्लब के प्राप्ति एवं भुगतान खाते से आय और व्यय खाता तैयार करें:

31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के लिए प्राप्ति एवं भुगतान खाता

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

प्राप्तियाँ	राशि (रु.)	भुगतान		राशि (रु.)
शेष आ/ला (हस्तस्थ रोकड़)	3,200	वेतन		1,500
चंदा	22,500	किराया		800
प्रवेश शुल्क	1,250	बिजली		3,500
दान	2,500	कर		1,700
हॉल का किराया	750	छपाई और लेखन सामग्री		380
विनियोग का विक्रय	3,000	विविध व्यय		920
		पुस्तकों का क्रय		7,500
		सरकारी बॉण्डस का क्रय		10,000
		बैंक में स्थायी जमा (31.03.2018 को)		5,000
		शेष आ/ला		
		हस्तस्थ रोकड़	400	
		बैंक में रोकड़	1,500	1,900
	33,200			**33,200**

हल

क्लीन दिल्ली क्लब की पुस्तकें 31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के लिए आय और व्यय खाता

नाम जमा

व्यय	राशि (रु.)	आय	राशि (रु.)
वेतन	1,500	चंदा	22,500
किराया	800	प्रवेश शुल्क	1,250
बिजली	3,500	अनुदान	2,500
कर	1,700	हॉल का किराया	750
छपाई और लेखन सामग्री	380		
विविध व्यय	920		
आधिक्य (आय का व्यय पर आधिक्य)	18,200		
	27,000		**27,000**

उदाहरण 3

31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के लिए नीचे दिए गए नेगी क्लब के प्राप्ति एवं भुगतान खाते से, समान अवधि के लिए आय और व्यय खाता तैयार करें:

31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के लिए प्राप्ति एवं भुगतान खाता

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

नाम जमा

व्यय		राशि (रु.)	आय	राशि (रु.)
शेष आ/ले (बैंक)		25,000	फ़र्नीचर का क्रय (1.07.2017)	5,000
चंदा:			वेतन	2,000
2016-17	1,500		दूरभाष व्यय	300
2017-18	10,000		बिजली प्रभार	600
2018-19	500	12,000	डाक और लेखन सामग्री	150
दान		2,500	पुस्तकों का क्रय	2,500
हॉल का किराया		300	मनोरंजन व्यय	900
बैंक जमा पर ब्याज		450	5% सरकारी प्रतिभूति का क्रय (1.10.2017)	8,000
प्रवेश शुल्क		500	विविध व्यय	600
			शेष आ/ले	
			बैंक रोकड़	300
				20,400
		40,750		**40,750**

निम्न अतिरिक्त सूचनाएँ उपलब्ध हैं:

(i) बकाया वेतन 1,500 रु.;

(ii) बकाया मनोरंजन व्यय 500 रु.;

(iii) अप्राप्य बैंक ब्याज 150 रु.;

(iv) अर्जित चंदा 400 रु.;

(v) 50% प्रवेश शुल्क को पूँजीकृत करेंगे;

(vi) फ़र्नीचर पर 10% वार्षिक दर से ह्रास लगाएँ।

हल

नेगी क्लब की पुस्तकें 31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के लिए आय और व्यय खाता

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

नाम

व्यय		राशि (रु.)	आय		राशि (रु.)
वेतन	2,000		चंदा		10,400
जोड़ा: बकाया	1,500	3,500	दान		2,500
दूरभाष व्यय		300	बैंक ब्याज	450	
बिजली प्रभार		600	*जोड़ा:* अप्राप्त ब्याज	150	600
डाक और लेखन सामग्री		150	विनियोग पर ब्याज		200
मनोरंजन व्यय	900		हॉल का किराया		300
जोड़ा: बकाया व्यय	500	1,400			
विविध व्यय		600			
फ़र्नीचर पर ह्रास		375			
आधिक्य (आय का व्यय पर आधिक्य)		7,075			
		14,000			**14,000**

जमा

तुलन पत्र

अलाभकारी संस्थाएँ भी अपनी वित्तीय स्थिति का निर्धारण करने के लिए तुलन पत्र तैयार करती है। उनका तुलन पत्र भी व्यापारिक फर्मों के समान तैयार किया जाता है। यह वर्ष के अंत में परिसंपत्तियों और दायित्वों को दर्शाता है। परिसंपत्तियों को दाएँ पक्ष में तथा दायित्वों को बाएँ पक्ष में दर्शाया जाता है। यद्यपि यहाँ पूँजी के स्थान पर सामान्य निधि/पूँजी निधि होंगे और आय और व्यय खाते में आधिक्य या घाटे को इन निधियों में जोड़ा या घटाया जाएगा। यह एक सामान्य प्रक्रिया है कि कुछ पूँजीगत मदों जैसे - वसीयत, प्रवेश शुल्क और आजीवन सदस्यता शुल्क को प्रत्यक्ष रूप से पूँजी खाते में जोड़ा जाएगा। साथ ही साथ पूँजी या सामान्य निधि, विशिष्ट उद्देश्य पूर्ति हेतु निधि और सहयोगकर्ता/ दानी जैसे कि भवन निधि, खेल निधि, इत्यादि की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बनाए जाते हैं। इन निधियों को तुलन पत्र के दायित्व पक्ष में पृथक रूप से दर्शाया जाता है। कभी-कभी पूँजी/ सामान्य निधियों का आरंभिक शेष ज्ञात करने के लिए वर्ष के आरंभ में तुलन पत्र को बनाना आवश्यक हो जाता है।

तुलन पत्र को तैयार करना

तुलन पत्र को बनाने में निम्न प्रक्रिया को अपनाया जाएगा:

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

1. आरंभिक तुलन पत्र के अनुसार पूँजी/ सामान्य निधि को लीजिए और आय और व्यय खाते से प्राप्त आधिक्य को जोड़ें, इसके पश्चात प्रवेश शुल्क, वसीयत, आजीवन सदस्यता शुल्क इत्यादि जो कि वर्ष के दौरान प्राप्त हुई हैं, को जोड़िए।

2. सभी स्थायी परिसंपत्तियों (विक्रय नहीं/ समाप्त की गई/ विनाश हुई) को तथा वर्ष के दौरान खरीदी गई परिसंपत्तियों को जोड़ने (प्राप्ति एवं भुगतान खाते से प्राप्त हुई) के पश्चात ह्रास (आय और व्यय खाते के अनुसार) को घटाकर, उन्हें परिसंपत्ति पक्ष में दर्शाया जाएगा।

3. प्राप्ति एवं भुगतान खाते के प्राप्ति पक्ष की मदों की तुलना आय और व्यय खाते के आय पक्ष की मदों से कीजिए। यह राशि का निर्धारण करेगाः

(अ) प्राप्य चंदा किंतु प्राप्त नहीं।

(ब) अग्रिम प्राप्त आय।

(स) वर्ष के दौरान की गई स्थायी परिसंपत्तियों की बिक्री।

(द) पूँजीकृत की जाने वाली मदें (जैसा कि तुलन पत्र से प्रत्यक्ष रूप से ली गई) उदाहरण के लिए वसीयत, विशिष्ट निधियों के विनियोग पर ब्याज।

4. इसी प्रकार प्राप्ति एवं भुगतान खाते के भुगतान पक्ष के मदों की तुलना आय और व्यय खाते के व्यय पक्ष की मदों से करेंगे। यह राशि का निर्धारण करता है, यदिः

(अ) बकाया व्यय।

(ब) अग्रिम भुगतान व्यय।

(स) वर्ष के दौरान खरीदी गई स्थायी परिसंपत्तियाँ।

(द) स्थायी परिसंपत्तियों पर ह्रास।

(ह) उपभोग योग्य मदों जैसे कि हस्तस्थ लेखन सामग्री का स्टॉक

(फ) हस्तस्थ रोकड़ और बैंक में रोकड़ का अंतिम शेष।

तुलन पत्र बनाने की प्रक्रिया को पूर्ण रूप से जानने के लिए तुलन पत्र प्रारूप नीचे दिया गया है।

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

..... को तुलन पत्र

दायित्व	राशि (रु.)	परिसंपत्तियाँ	राशि (रु.)
पूँजी निधि:		हस्तस्थ रोकड़/बैंकस्थ रोकड़	.....
आरंभिक शेष	.....	*अप्राप्त आय*	.....
जोड़ा: आधिक्य		*अग्रिम भुगतान व्यय*	.....
या			
घटाया : घाटा			
जोड़ा: चालू वर्ष में आय का पूँजीकरण	.....	*अंतिम शेष*	.....
खातों से :		*उपभोग्य मदों का स्टॉक:*	
वसीयत	.....	पिछला शेष	
प्रवेश शुल्क	.....	*जोड़ा:* चालू अवधि में क्रय	
आजीवन सदस्यता शुल्क	.....	*घटाया:* अवधि के दौरान	
अंतिम शेष	.....	उपभोग का मूल्य	.....
विशेष निधि/ दान		*अंतिम शेष*	.....
पिछला शेष (यदि कोई हो)		*पिछला शेष*	.....
जोड़ा: अवधि के दौरान मदों के लिए		*जोड़ा:* चालू अवधि में क्रय	.....
प्राप्तियाँ	.....	*घटाया:* पुस्तक मूल्य पर	(.....)
जोड़ा: निधियों पर अर्जित		परिसंपत्ति का विक्रय	
आय/अनुदान विनियोग			
निवल शेष	.....		
क्रय के लिए लेनदार	.....		
और/या पूर्ति			
बैंक अधिविकर्ष	.....		
बकाया व्यय:	.....		
अग्रिम प्राप्त आय	.....		
	.....		.....

SHIVOM CLASSES 8696608541

कुछ विशिष्ट मदें

अलाभकारी संस्थाओं के अंतिम खाते, व्यापारिक संगठन के समान प्रणाली की तरह तैयार किए जाते हैं परंतु, इस प्रकार की संस्थाओं में आय और व्यय की कुछ मदों की प्रकृति में अंतर होता है और अंतिम खातों में व्यवहार पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इन संस्थाओं में ये विशिष्ट हैं। कुछ साधारण विशिष्ट मदों को नीचे वर्णित किया गया है:

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

चंदाः चंदा सदस्यता शुल्क है जिसका भुगतान सदस्य द्वारा वार्षिक आधार पर किया जाता है। यह इस प्रकार की संस्थाओं में आय का मुख्य स्रोत है। सदस्यों द्वारा भुगतान किया गया चंदा, प्राप्ति एवं भुगतान खाते में प्राप्ति के रूप में और आय और व्यय खाते में आय के रूप में दर्शाया जाता है। यह ध्यान रहे कि प्राप्ति और भुगतान खाता वर्ष के दौरान वास्तव में प्राप्त चंदे की कुल राशि को दर्शाता है जबकि आय और व्यय खातों में दर्शायी गई राशि केवल चालू अवधि से संबंधित राशि को सीमाबद्ध करती है चाहे यह प्राप्त हुई है या नहीं।

उदाहरण के लिए, एक क्लब ने वर्ष 2017-18 के दौरान 20,000 रु. चंदे के रूप में प्राप्त किए, इसमें से 3,000 रु. वर्ष 2016-17 से और 2,000 रु. 2018-19 से संबंधित है और वर्ष 2017-18 के 6,000 रु. अभी तक अप्राप्त हैं। इस स्थिति में प्राप्ति एवं भुगतान खाता चंदे से प्राप्त 20,000 रु. दर्शाएगा। लेकिन आय और व्यय खाता, वर्ष 2017-18 के लिए चंदे से प्राप्त आय के रूप में 21,000 रु. दर्शाएगा। इसकी गणना नीचे दी गई है:

	(रु.)
2017-2018 को प्राप्त चंदा	20,000
घटाया: 2016-2017 वर्ष के लिए चंदा	(3,000)
	17,000
घटाया: वर्ष 2018-2019 के लिए चंदा	(2,000)
	15,000
जोड़ा: वर्ष 2017-2018 के लिए अप्राप्त चंदा	6,000
वर्ष 2017-2018 के लिए चंदे की आय	**21,000**

आय के रूप में दर्शायी गई चंदे की उपर्युक्त राशि का निर्धारण चंदा खाता तैयार करके इस प्रकार किया जाएगाः

चंदा खाता

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

नाम — जमा

तिथि	विवरण	रो.पृ. सं	राशि (रु.)	तिथि	विवरण	रो.पृ. सं	राशि (रु.)
	शेष आ/ला (वर्ष के आरंभ में अप्राप्त)		3,000		शेष आ/ला (पिछले वर्ष में अग्रिम प्राप्त)		–
	आय और व्यय खाता (शेष राशि)		21,000		रोकड़ (प्राप्त चंदा)		20,000
	शेष आ/ले (अग्रिम प्राप्त)		2,000		शेष आ/ले (वर्ष के अंत में अप्राप्त)		6,000
			26,000				**26,000**

उदाहरण

31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के लिए, प्राप्ति भुगतान खाते के अनुसार प्राप्त चंदा 2,50,000 रु. है। अतिरिक्त सूचनाएँ इस प्रकार हैं:

1. 01 अप्रैल, 2017 को अप्राप्त चंदा 50,000 रु.

2. 31 मार्च, 2018 को अप्राप्त चंदा 35,000 रु.

3. 01 अप्रैल, 2017 को अग्रिम प्राप्त चंदा 25,000 रु.

4. 31 मार्च, 2018 को अग्रिम प्राप्त चंदा 30,000 रु.

वर्ष 2017-2018 के लिए चंदे से आय की राशि का निर्धारण करें और आरंभिक और अंतिम तुलन पत्र में चंदे से संबंधित मदों को किस प्रकार दर्शाया जाएगा, दिखाइए।

हल

विवरण	राशि (रु.)
प्राप्ति और भुगतान खाते के अनुसार प्राप्त चंदा	2,50,000
जोड़ा: 31 मार्च, 2018 को अप्राप्त चंदा	35,000
जोड़ा: 01 अप्रैल, 2017 को अग्रिम प्राप्त चंदा	25,000
	3,10,000
घटाया: 01 अप्रैल, 2017 को अप्राप्त चंदा	(50,000)
	2,60,000
घटाया: 31 मार्च, 2018 को अग्रिम प्राप्त चंदा	(30,000)
वर्ष 2017-2018 के लिए चंदे से आय	**2,30,000**

विकल्प के रूप में, चंदे से प्राप्त आय की गणना चंदा खाता तैयार करके निम्न होगी:

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

चंदा खाता

नाम *जमा*

विवरण	*राशि (रु.)*	*विवरण*	*राशि (रु.)*
शेष आ/ला (अप्राप्त)	50,000	शेष आ/ला (अग्रिम)	25,000
आय और व्यय खाता (शेष राशि)	2,30,000	प्राप्ति भुगतान खाता	2,50,000
शेष आ/ले (अग्रिम)	30,000	शेष आ/ला (अप्राप्त)	35,000
	3,10,000		**3,10,000**

चंदे से संबंधित मदों को आरंभिक और अंतिम तुलन पत्र में निम्न प्रकार दर्शाएँगे:

31 मार्च, 2017 को तुलन पत्र (संबंधित मदें)

दायित्व	*राशि (रु.)*	*परिसंपत्तियाँ*	*राशि (रु.)*
अग्रिम प्राप्त चंदा	25,000	अप्राप्त चंदा	50,000

केवल संबंधित आँकड़े

मार्च 31, 2018 को तुलन पत्र (संबंधित आँकड़े)

दायित्व	*राशि (रु.)*	*परिसंपत्तियाँ*	*राशि (रु.)*
अग्रिम प्राप्त चंदा	30,000	अप्राप्त चंदा	35,000

केवल संबंधित आँकड़े

उदाहरण

31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष के लिए प्राप्ति एवं भुगतान खाते से ली गई सूचनाएँ नीचे दी गई हैं:

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

चंदा	(रु.)
प्राप्ति	
2015-16	2,500
2016-17	26,750
2017-18	1,000
	30,250
अतिरिक्त सूचनाएँ	
सदस्यों की कुल संख्या	230
वार्षिक सदस्यता शूल्क	125
01 अप्रैल, 2015 को अप्राप्त चंदा	2,750

आय, अग्रिम, अप्राप्त चंदे से संबंधित मदों को दर्शाते हुए विवरण तैयार करें।

हल-

वर्ष 2015-16 में प्राप्त होने वाले चंदे की राशि रोकड़ से संबंधित 28,750 रु. (अर्थात 125×230 रु.)

विवरण	*राशि* (रु.)
प्राप्ति और भुगतान खाते के अनुसार प्राप्त चंदा	30,250
जोड़ा: 31 मार्च 2016 को अप्राप्त चंदा	2,250
जोड़ा: 1 अप्रैल 2015 को प्राप्त अग्रिम चंदा	–
	32,500
घटाया: 01 अप्रैल 2017 को अप्राप्त चंदा	2,750
	29,750
घटाया: 31 मार्च, 2016 को अग्रिम प्राप्त चंदा	1,000
वर्ष 2015-16 के लिए चंदे से आय (125 × 230)	**28,750**

टिप्पणी: 01 अप्रैल, 2017 को अप्राप्त चंदे की राशि का निर्धारण इस प्रकार किया जाएगा:

विवरण	(रु.)	(रु.)
(i) 01 अप्रैल, 2015 को अप्राप्त	2,750	
2014-15 के लिए प्राप्त	2,500	250
(ii) 2015-16 के लिए प्राप्य (125 × 230)	28,750	
2016-17 के लिए प्राप्त	26,750	2,000
31 मार्च, 2016 को अप्राप्त		**2,250**

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

उदाहरण

प्राप्ति एवं भुगतान खाते के लिए दिए गए अंशों से, और नीचे दी गई अतिरिक्त सूचनाओं द्वारा, चंदे से आय की राशि की गणना करें तथा यह दर्शायें की 31 मार्च, 2015 को समाप्त वर्ष के लिए आय और व्यय खाते में किस प्रकार दर्शाया जाएगा और इस तिथि का तुलन पत्र बनाइए।

31 मार्च, 2015 को समाप्त वर्ष के लिए प्राप्ति एवं भुगतान खाता

प्राप्ति		*राशि (रु.)*	*भुगतान*	*राशि (रु.)*
चंदा:				
2013-14	7,000			
2014-15	30,000			
2015-16	5,000	**42,000**		

अतिरिक्त सूचनाएँ:

	(रु.)
1. 31 मार्च, 2014 को अप्राप्त चंदा	8,500
2. 31 मार्च, 2015 को कुल अप्राप्त चंदा	18,500
3. 31 मार्च, 2014 को अग्रिम प्राप्त चंदा	4,000

हल

31 मार्च, 2015 को समाप्त वर्ष के लिए आय और व्यय खाता

व्यय	*राशि (रु.)*	*आय*	*राशि (रु.)*
		चंदा 2014-15 के लिए प्राप्त	30,000
		जोड़ा: 2014-15 के लिए अप्राप्त	17,000
		जोड़ा: 2015-16 के लिए अग्रिम प्राप्त	4,000
			51,000

टिप्पणी: 31 मार्च 2015 को कुल अप्राप्त चंदे की राशि 18,500 रु. है, इसमें 2013-14 के लिए अप्राप्त चंदे की राशि 1,500 रु. (8,500 रु. - 7,000 रु.) सम्मिलित है। इसलिए 2014-15 के लिए अप्राप्त चंदे की राशि 17,000 रु. (18,500 रु. - 1,500 रु.) होगी।

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

31 मार्च, 2015 को तुलन पत्र (संबंधित आँकड़े)

दायित्व	*राशि (रु.)*	*परिसंपत्तियाँ*		*राशि (रु.)*
2014-15 के लिए अग्रिम प्राप्त चंदा	5,000	अप्राप्त चंदा:		
		2013-14	1,500	
		2014-15	17,000	18,500

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

NCERT SOLUTIONS

प्रश्न (पृष्ठ संख्या 53 - 66)

लघु उत्तरीय प्रश्न:

प्रश्न 1 अलाभकारी संस्थाओं का आशय स्पष्ट कीजिये।

उत्तर – अलाभकारी संस्थाओं का आशय अलाभकारी संस्थाओं से आशय ऐसे संस्थानों से है जिनका प्रयोग सामाजिक कल्याण के लिए होता है तथा जिनका निर्माण धर्मार्थ संस्थानों, जिनका उद्देश्य लाभ से प्रेरित नहीं होता, के रूप में किया जाता है। इनका मुख्य उद्देश्य किसी विशिष्ट समूह या समस्त जनता को सेवाएँ प्रदान करना होता है।

आमतौर पर यह किसी प्रकार का उत्पादन, क्रय या वस्तुओं का विक्रय और किसी प्रकार का उधार लेन-देन नहीं करती। इसलिए इन्हें लेखा पुस्तकों (जैसा कि व्यापार से सम्बन्धित) और व्यापारिक और लाभ तथा हानि खाता बनाने की आवश्यकता नहीं होती। आमतौर पर इनकी आय का मुख्य स्रोत, इसके सदस्यों से प्राप्त अनुदान तथा दान, सहायता विनिवेश से प्राप्त आय इत्यादि हो सकता है।

प्रश्न 2 प्राप्ति एवं भुगतान खाते का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

उत्तर – प्राप्ति एवं भुगतान खाते (Receipt and Payment A/c) का अर्थ - प्राप्ति एवं भुगतान खाता रोकड़ तथा बैंक के लेन-देन के विभिन्न शीर्षकों का सारांश होता है। अलाभकारी संस्थाओं को यह खाता बनाना आवश्यक होता है। यह एक लेखा वर्ष के अन्त में रोकड़ प्राप्तियों तथा नक़द भुगतानों को रोकड़ बही में प्रलेखन के आधार पर तैयार किया जाता है।

उदाहरणार्थ, भिन्न-भिन्न तिथियों को सदस्यों से प्राप्त किया गया चंदा, जो कि रोकड़ पुस्तक में नाम पक्ष की ओर दर्शाया जाता है, को प्राप्ति एवं भुगतान खाते में एक मद के रूप में इसकी कुल राशि से प्राप्ति पक्ष में दर्शाया जाएगा।

इसी प्रकार वेतन, किराया, बिजली का बिल भुगतान के जो कि समय-समय पर किए जाते हैं, को रोकड़ बही में जमा पक्ष की ओर प्रलेखित किया जाता है परन्तु कुल भुगतान वेतन, कुल भुगतान किराया तथा कुल भुगतान विद्युत प्रभार, जो एक वर्ष के दौरान भुगतान किए गए हैं, को प्राप्ति एवं भुगतान खाते के भुगतान पक्ष की ओर प्रकट किया जाएगा।

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

इसलिए प्राप्ति एवं भुगतान खाता विभिन्न प्राप्तियों एवं भुगतानों चाहे वह चालू अवधि से सम्बन्धित हों या पूर्व अवधि या आगामी अवधि से सम्बन्धित पूँजीगत या आयगत प्रकृति के हों, को सारांश के रूप में प्रस्तुत करता है। यह खाता कोई गैर-मद, जैसे ह्रास की राशि को नहीं दर्शाता है। इसके प्रारम्भ में प्रारम्भिक रोकड़ व बैंक शेष (अथवा बैंक अधिविकर्ष) तथा अन्त में अन्तिम रोकड़ से बैंक शेष दिखाये जाते हैं।

प्रश्न 3 आय और व्यय खाते का अर्थ स्पष्ट कीजिये।

उत्तर – आय और व्यय खाते (Income and Expenditure Ac) का अर्थ - आय और व्यय खाता अलाभकारी संस्थाओं द्वारा बनाया जाता है। यह एक लेखा वर्ष के लिए आय और व्यय का सारांश होता है। यह एक व्यापारिक संस्थान द्वारा उपार्जन आधार पर तैयार किए गए लाभ और हानि खाते की तरह ही होता है। इस खाते में केवल आयगत प्रकृति की मदों को शामिल किया जाता है तथा वर्ष के अन्त में शेष आधिक्य' (Surplus) अथवा 'कमी' (Deficit) को दर्शाता है।

आय तथा व्यय खाते का उद्देश्य एक व्यापारिक संस्थान के लिए लाभ व हानि खाते की तरह ही होता है। चालू अवधि से सम्बन्धित सभी आयगत मदें इस खाते में दर्शाई जाती हैं। सभी व्यय तथा हानियों को व्यय पक्ष में तथा सभी आय तथा लाभों को आय पक्ष में दर्शाया जाता है। यह निवल प्रचालन परिणाम, अधिशेष (Surplus) के रूप में (आय का व्यय पर आधिक्य) तथा घाटा/कमी (Deficit) (व्यय का आय पर आधिक्य) के रूप में दर्शाता है जो कि तुलन पत्र में दर्शाये गए पूँजी निधि में हस्तान्तरित किया जाता है।

प्रश्न 4 प्राप्ति और भुगतान खाते के उद्देश्य क्या हैं?

उत्तर – प्राप्ति और भुगतान खाते के उद्देश्य:

- प्राप्ति और भुगतान खाता अलाभकारी संस्थाओं के लिए बनाना आवश्यक है।
- यह आय और व्यय खाता तथा तुलन पत्र तैयार करने में सहायता करता है।
- इसके द्वारा विभिन्न मदों से कुल प्राप्ति एवं भुगतान की राशि की जानकारी मिलती है।
- सभी आयगत एवं पूँजीगत भुगतान तथा प्राप्ति की सूची उपलब्ध होती है।
- इससे प्रारम्भिक हस्तस्थ रोकड़ एवं बैंकस्थ रोकड़ अथवा अधिविकर्ष तथा अन्तिम हस्तस्थ रोकड़ एवं बैंकस्थ रोकड़ अथवा अधिविकर्ष की भी जानकारी मिलती है।

प्रश्न 5 प्राप्ति और भुगतान खाते से आय और व्यय खाता बनाने के लिए कौन - कौनसे चरण हैं?

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

उत्तर – प्राप्ति और भुगतान खाते से आय और व्यय खाता बनाने के मुख्य चरण निम्न प्रकार हैं।

- प्राप्ति व भुगतान खाते में दिखाये गये प्रारम्भिक व अन्तिम रोकड़ व बैंक शेष को अलग कर लेंगे। आय और व्यय खाते में इसका उपयोग नहीं करते हैं।
- प्राप्ति व भुगतान खाते में दिखाये गये पूँजीगत प्राप्तियाँ व पूँजीगत भुगतान इसमें नहीं दिखाते हैं, इन्हें चिट्ठे में दिखाया जाता है। अतः इन्हें भी अलग कर लेंगे।
- आय और व्यय खाते में केवल आयगत मदों को ही दिखाया जाता है जो चालू वर्ष से सम्बन्धित होती हैं तथा उसमें बकाया व अग्रिम का समायोजन किया जाता है जो अतिरिक्त सूचना के रूप में उपलब्ध होती हैं।
- निम्नांकित मदें जो प्राप्ति व भुगतान खाते में नहीं दिखायी जाती हैं उन्हें आय-व्यय खाते में दिखाया जाता।
- स्थायी सम्पत्तियों पर मूल्य ह्रास (व्यय पक्ष में)।
- स्थायी सम्पत्तियों की बिक्री से लाभ (आय पक्ष में)।
- स्थायी सम्पत्तियों की बिक्री से हानि (व्यय पक्ष में)।
- यदि अलाभकारी संस्था कोई व्यापारिक क्रिया भी करती है जैसे अस्पताल द्वारा दवाओं का विक्रय तो ऐसी दशा में प्रत्येक व्यापारिक क्रिया के लिए पृथक्-पृथक् व्यापार व लाभ-हानि खाता बनाया जाता है तथा उस में दिखाये गये लाभ-हानि को आय-व्यय खाते में स्थानान्तरित किया जाता है।
- उपभोग योग्य सामग्री के उपभोग की राशि आय-व्यय खाते के नामे में दिखाते हैं।
